नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 13

No. of Printed Pages — 11

# S—96—Hindi (D & D)

# माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2014

## हिन्दी

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5. प्रश्न संख्या 2, 4, 6, 8 तथा 9 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

**खण्ड - क**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वृक्षों अथवा वनों से मानव को अनेक लाभ हैं। विज्ञान के परीक्षणों से सिद्ध कर दिया है कि वृक्ष सूर्य के प्रकाश में अत्यधिक मात्रा में ऑक्सीजन निकालते हैं तथा वायुमण्डल में उसे विकीर्ण करते हैं जो मानव को श्वास लेने में सहायक होकर उसके रक्त को शुद्ध करके स्वस्थ बनाती है। वृक्षों को वर्षा कारक की संज्ञा दी गई है। भूगोल तथा विज्ञान हमें बतलाते हैं कि वृक्षों की सघन श्यामल पत्तियों में मेघों को आकृष्ट करने की शक्ति होती है। वे भूमिक्षरण को रोकने में भी सहायक होते हैं। हमें न केवल इनको नष्ट होने से बचाना चाहिए वरन् अधिकाधिक लगाकर इन्हें बढ़ाना भी चाहिए।

क) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 2

ख) वृक्ष हमारे रक्त को शुद्ध करने में कैसे सहायक हैं ? 2

ग) भूमिक्षरण को रोकने के लिए हमें क्या करना चाहिए ? 2

घ) वृक्ष सूर्य के प्रकाश में अत्यधिक मात्रा में क्या निकालते हैं ?

(अ) ऑक्सीजन (ब) नाइट्रोजन

(स) कार्बन डाइऑक्साइड (द) हाइड्रोजन। 1

ङ) वृक्षों की पत्तियों में किसे आकृष्ट करने की शक्ति होती है ?

(अ) पक्षियों को (ब) मेघों को

(स) सूर्य को (द) पानी को। 1

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जन्म दिया माता सा जिसने,
किया सदा लालन-पालन।
जिसके मिट्टी जल से ही,
है रचा गया हम सबका तन।।
गिरिवर नित रक्षा करते हैं,
उच्च उठा के शृंग महान।।
जिसके लता द्रुमादिक करते,
हमको अपनी छाया दान।।
माता केवल बाल-काल में,
निज अंक में धरती है।।
हम अशक्त जब तलक तभी तक,
पालन-पोषण करती है।
मातृभूमि करती है सबका,
लालन सदा मृत्यु पर्यन्त।
जिसके दया प्रवाहों का,
होता न कभी सपने में अन्त।

क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 2

ख) हम सबका तन किससे रचा गया है ? $1\frac{1}{2}$

ग) माता हमें कब अंक (गोद) में लेती है ? $1\frac{1}{2}$

घ) अशक्त शब्द का विलोम है

(अ) विकलांग (ब) शक्तिहीन

(स) सशक्त (द) स्वावलम्बी। 1

ङ) माता शब्द का पर्यायवाची है

(अ) जननी (ब) मां

(स) मातृ (द) इनमें से सभी। 1

अथवा

कुछ काम करो कुछ काम करो।
जग में रहकर कुछ नाम करो।।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो।
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो।।
कुछ तो उपयुक्त करो तन को।
नर हो न निराश करो मन को।।

संभलो कि सुयोग न जाय चला।
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला।।
समझो जग को न निरा सपना।
पथ आप प्रशस्त करो अपना।।
अखिलेश्वर है अवलम्बन को।
नर हो न निराश करो मन को।।

क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

ख) 'पथ आप प्रशस्त करो अपना' का भाव स्पष्ट कीजिए। $1\frac{1}{2}$

ग) प्रस्तुत पद्य में अखिलेश्वर शब्द का क्या अर्थ है ? $1\frac{1}{2}$

घ) जन्म शब्द का विलोम है

(अ) जीवन (ब) मरण

(स) उद्भव (द) जीव। 1

ङ) सुयोग शब्द में उपसर्ग है

(अ) योग (ब) कु

(स) सु (द) सुय। 1

## खण्ड - ख

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग 15 पंक्तियों में निबन्ध लिखिए : 8

(अ) स्वतंत्रता दिवस (ब) मेरा विद्यालय

(स) मेरा प्रिय खेल (द) मेले का वर्णन।

4. स्वयं को अभिनव शर्मा मानकर बड़े भाई को पत्र लिखिए जिसमें अपनी पढ़ाई के बारे में जानकारी दी गई हो। 5

अथवा

स्वयं को मोहित सक्सेना मानकर विद्यालय के प्रधानाचार्य को बहिन की शादी के लिए 4 दिन के अवकाश का प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

5. क) 'सीमा सुंदर दिखती है' वाक्य से विशेषण छाँटिए। 2

ख) 'मोहन धीरे-धीरे चलता है' वाक्य से क्रिया विशेषण छाँटिए। 2

ग) 'सुरेश पढ़ रहा है' वाक्य से सकर्मक क्रिया छाँटिए। 2

घ) वाक्य किसे कहते हैं ? 2

ङ) संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं ? 2

च) 'आँखें दिखाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 2

छ) 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 2

**खण्ड - ग**

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

ऊधौ, तुम हो अति बड़भागी।

अपरस रहत सनेह तगा तौं, नाहिन मन अनुरागी।

पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।

ज्यौं जल माँह तेल की गागरि, बूँद न ताकौ लागी।

प्रीति नदी में पाऊँ न बोर्‌यौ, दृष्टि न रूप परागी।

सूरदास अबला हम भोरी, गुरु च्यौंटी ज्यों पागी।।

क) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ? 2

ख) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस किस से की गई है ? 2

अथवा

माँ ने कहा पानी में झाँककर
 अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेकने के लिए है
 जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
 बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
 पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

क) उपर्युक्त काव्यांश में माँ ने लड़की को किन बातों के लिए मना किया ? 2

ख) वस्त्र और आभूषण को किसके समान बताया गया है ? 2

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क) 'छाया मत छूना' कविता में छाया छूने का क्या अर्थ है ? 2

ख) फागुन की मादकता का मानव मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 2

ग) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ? 2

घ) 'मँद हँसि मुखचन्द जुन्हाई' पंक्ति किसके बारे में कही गई है ? 2

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया।
आलिंगन में आते आते मुस्क्या कर जो भाग गया।
जिसके अरुण कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में।
अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में।

क) प्रस्तुत पद्यांश में प्रयुक्त भाषा का नाम लिखिए। 1

ख) प्रस्तुत पद्यांश किस शैली में रचित है ? 1

ग) इस पद्यांश में कौनसे अलंकार निहित हैं ? 1

घ) कवि क्या देखकर जाग गया था ? 1

ङ) उपर्युक्त पद्यांश में से तत्सम शब्द छाँटिए। 1

अथवा

पत्रों से लदी डाल

कहीं हरी कहीं लाल,

कहीं पड़ी है उर में

मंद-गंध-पुष्प-माल

पाट-पाट शोभा श्री

पट नहीं रही है।

क) प्रस्तुत पद्यांश में किस भाषा का प्रयोग हुआ है ? 1

ख) काव्यांश में पेड़-पौधे किससे लदे हैं ? 1

ग) पेड़ की डाली को कैसा बताया गया है ? 1

घ) काव्यांश में प्रयुक्त तत्सम शब्द बताइये। 1

ङ) काव्यांश में निहित अलंकार बताइये। 1

9. निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

फादर को जहरबाद से नहीं मरना चाहिए था। जिसकी रगों में दूसरों के लिए मिठास भरे अमृत के अतिरिक्त और कुछ नहीं था उसके लिए इस जहर का विधान क्यों हो ? यह सवाल किस ईश्वर से पूछें ? प्रभु की आस्था ही जिसका अस्तित्व था वह देह की इस यातना की परीक्षा उम्र की आखिरी देहरी पर क्यों दे ? एक लंबी पादरी के चौगे से ढंकी आकृति सामने है, गौरा रंग सफेद झाँई मारती भूरी दाढ़ी, नीली आँखें, बाँहें खोल गले लगाने को आतुर, इतनी ममता, इतना अपनत्व, इस साधु में अपने हर एक प्रियजन के लिए उमड़ता रहता था। मैं पैंतीस साल से इसका साक्षी था।

क) फादर की मृत्यु किससे हुई थी ? लेखक इस बात से दुखी क्यों था ? 2

ख) अपने प्रियजनों के प्रति फादर का व्यवहार कैसा रहता था ? 2

अथवा

मान लीजिए कि पुराने जमाने में भारत की एक भी नारी पढ़ी-लिखी न थी, न सही, उस समय स्त्रियों को पढ़ाने की जरूरत न समझी गई होगी पर अब तो है अतएव पढ़ाना चाहिए। हमने सैंकड़ों पुराने नियमों, आदेशों और प्रणालियों को तोड़ दिया था नहीं ? तो चलिए स्त्रियों को अपढ़ रखने की इस पुरानी चाल को भी तोड़ दे। हमारी प्रार्थना तो यह है कि स्त्री शिक्षा के विपक्षियों को क्षणभर के लिए भी इस कल्पना को अपने मन में स्थान न देना चाहिए कि पुराने जमाने में यहाँ की सारी स्त्रियाँ अपढ़ थीं अथवा उन्हें पढ़ने की आज्ञा न थी, जो लोग

पुराणों में पढ़ी-लिखी स्त्रियाँ के हवाले माँगते हैं उन्हें श्रीमद्‌भागवत दशम स्कंध के उत्तरार्ध का त्रेपनवाँ अध्याय पढ़ना चाहिए, उसमें रुक्मिणी-हरण की कथा है। रुक्मिणी ने जो एक लंबा-चौड़ा पत्र एकांत में लिखकर एक ब्राह्मण के हाथ श्रीकृष्ण को भेजा था, वह तो प्राकृत में न था।

क) द्विवेदी जी ने स्त्री शिक्षा के सम्बन्ध में किस बात की आवश्यकता बताई ? 2

ख) लेखक स्त्री-शिक्षा के विपक्षियों से क्या कहता है ? 2

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए :

क) मन्नू भंडारी के परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता क्या थी ? 2

ख) फादर बुल्के ने भारत आने का मन क्यों बनाया होगा ? 2

ग) 'नेताजी का चश्मा' कहानी में केप्टन के माध्यम से क्या कहा गया है ? 2

घ) बिस्मिल्ला खाँ की संगीत साधना को समृद्ध करने में किन लोगों ने सहयोग दिया ? 2

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

क) लेखक ने सभ्यता और संस्कृति में क्या अंन्तर बताया है ? $2\frac{1}{2}$

ख) वास्तविक अर्थों में संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है ? $2\frac{1}{2}$

ग) मनुष्य के जीवन में आस-पड़ोस का क्या महत्व है ? $2\frac{1}{2}$

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए :

क) गंतोक को मेहनतकश 'बादशाहों' का शहर क्यों कहा गया है ? 4

ख) दुलारी का टुन्नू से पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ ? 4

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

क) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर बताइये कि लेखक को कौनसी बात लिखने के लिए प्रेरित करती है ? 2

ख) 'माता का अँचल' पाठ से बाल-स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है ? 2

ग) हमारे समाज में नाक किसका प्रतीक मानी जाती है ? 2